Title : Regarding need for effective implementation of guidelines regarding inauguration of projects under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna in Uttar Pradesh and other parts of the Country.

(xii) Need for effective implementation of guidelines regarding

Inauguration of projects under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna in

Uttar Pradesh and other parts of the country

**श्री ब्रजेश पाठक :** उपाध्यक्ष महोदय, देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव संसदीय क्षेत्र, जनपद उन्नाव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तैयार की जाने वाली सड़कों के उदघाटन और इस योजना के परियोजना प्रस्ताव तैयार किए जाने में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का राज्य सरकार द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा है और सांसद से प्रस्ताव लिए बगैर सांसद की गैर मौजूदगी में राज्य सरकार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अत: मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों का उल्लंघन करने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने तथा इस योजना के अंतर्गत विशेषकर उन्नाव संसदीय क्षेत्र में सांसद से प्रस्ताव लिए बगैर क्षेत्रीय सांसद की गैर मौजूदगी में जो भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं अथवा किए जा रहे हैं, उनको तत्काल प्रभाव निरस्त किए जाने और सांसद से प्रस्ताव लेकर क्षेत्रीय सांसद से ही सड़कों का उदघाटन सुनिश्चित करवाया जाए।